
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जन्मदिन विशेष

06 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

आपको बस इतना करना है कि बड़े सपने

देखें और उन्हें पूरा करने का प्रयास करें।

कपिल देव

( प्रसिद्ध क्रिकेटर )



जन्म : 06 जनवरी 1959


राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष 6 जनवरी

मधु प्रिया

## भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का निधन 6 जनवरी



भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म 9 सितम्बर, 1850 ईस्वी को काशी के एक प्रतिष्ठित वैश्य परिवार में हुआ। उनके पिता गोपालचंद्र एक अच्छे कवि थे और 'गिरधरदास'उपनाम से कविता लिखा करते थे। 1857 में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय उनकी आयु 8 वर्ष की होगी। ये दिन उनकी आँख खुलने के थे। भारतेन्दु का कृतित्व साक्ष्य है कि उनकी आँखें एक बार खुलीं तो बन्द नहीं हुईं। उनके पूर्वज अंग्रेज-भक्त थे, उनकी ही कृपा से धनवान हुये थे। हरिश्चंद्र पाँच वर्ष के थे तो माता की मृत्यु और दस वर्ष के थे तो पिता की मृत्यु हो गयी। इस प्रकार बचपन में ही माता-पिता के सुख से वंचित हो गये। बचपन का सुख नहीं मिला। शिक्षा की व्यवस्था प्रथापालन के लिए होती रही। संवेदनशील व्यक्ति के नाते उनमें स्वतन्त्र रूप से देखने-सोचने-समझने की आदत का विकास होने लगा। पढ़ाई की विषय-वस्तु और पद्धति से उनका मन उखड़ता रहा। क्वींस कॉलेज, बनारस में प्रवेश लिया, तीन-चार वर्षों तक कॉलेज आते-जाते रहे पर यहाँ से मन बार-बार भागता रहा। स्मरण शक्ति तीव्र थी, ग्रहण क्षमता अद्भुत। इसलिए परीक्षाओं में उत्तीर्ण होते रहे। बनारस में उन दिनों अंग्रेजी पढ़े-लिखे और प्रसिद्ध लेखक - राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' थे, भारतेन्दु शिष्य भाव से उनके यहाँ जाते। उन्हीं से अंग्रेजी सीखी। भारतेन्दु ने स्वाध्याय से संस्कृत, मराठी, बंगला, गुजराती, पंजाबी, उर्दू भाषाएँ सीख लीं। उनको काव्य-प्रतिभा अपने पिता से विरासत के रूप में मिली थी। उन्होंने पांच वर्ष की अवस्था में ही निम्नलिखित दोहा बनाकर अपने पिता को सुनाया और सुकवि होने का आशीर्वाद प्राप्त किया। हिंदी की विपुल मात्रा और अनेक विधाओं में सृजन करने वाले भारतेंदु हरिश्चंद्र की मृत्यु महज 35 वर्ष की उम्र में छह जनवरी 1885 को हुई थी। उनके निधन पर कहा गया था कि प्यारे हरीचंद की कहानी रह जाएगी...। वर्तमान में यह बात एकदम सत्य साबित हुई। भारतेंदु जी नहीं रहे, लेकिन उनकी कहानी आज भी हर किसी की जुबान पर है।

Teachers of Bihar

The change makers

# जन्मदिन विशेष 06 जनवरी




**कपिल देव** *Kapil Dev*, जन्म- 6 जनवरी, 1959) भारत के प्रथम क्रिकेट विश्व कप विजेता दल के कप्तान एवं सफलतम हरफनमौला खिलाड़ी हैं। कपिल देव का खेल और उनके आँकड़े इस बात के प्रमाण हैं। भारत के इस प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी का जन्म एक लकड़ी व्यापारी के यहाँ हरियाणा में हुआ था। कपिल देव ने सन् 1975 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में प्रवेश किया। वे विस्डेन द्वारा वर्ष 2002 में 'सदी के भारतीय क्रिकेटर' चुने गये। वे 10 माह के लिये भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशिक्षक भी रहे।

TOB

# खेल कॉर्नर

# स्पोर्ट्स कैलेंडर 2026

| टूर्नामेंट | कब से कब तक | जगह |
| --- | --- | --- |
| **जनवरी** | | |
| **1.** विमेंस प्रीमियर लीग | 9 जनवरी से 5 फरवरी तक | भारत (2 शहर) |
| **2.** अंडर-19 वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप | 15 जनवरी से 6 फरवरी तक | जिम्बाब्वे (5 शहर) |
| **3.** ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस | 18 जनवरी से 31 जनवरी तक | ऑस्ट्रेलिया (मेलबर्न) |
| **फरवरी** | | |
| **4.** टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप | 7 फरवरी से 8 मार्च तक | भारत-श्रीलंका (7 शहर) |
| **मार्च-अप्रैल** | | |
| **5.** इंडियन प्रीमियर लीग | 26 मार्च से 31 मई तक | भारत (10 से ज्यादा शहर) |
| **6.** कैंडिडेट्स चेस चैंपियनशिप | 29 मार्च से 16 अप्रैल तक | साइप्रस (एक शहर) |
| **मई** | | |
| **7.** फ्रेंच ओपन टेनिस | 23 मई से 6 जून तक | फ्रांस (पेरिस) |
| **जून** | | |
| **8.** फुटबॉल वर्ल्ड कप | 11 जून से 19 जुलाई तक | UAS, कनाडा, मेक्सिको (16 शहर) |
| **9.** विमेंस टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप | 12 जून से 5 जुलाई तक | इंग्लैंड (6 शहर) |
| **10.** विंबलडन चैंपियनशिप | 21 जून से 4 जुलाई तक | इंग्लैंड (लंदन) |
| **जुलाई** | | |
| **11.** कॉमनवेल्थ गेम्स | 23 जुलाई से 2 अगस्त तक | ग्लासगो (स्कॉटलैंड) |
| **अगस्त** | | |
| **12.** मेंस-विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप | 14 अगस्त से 30 अगस्त तक | बेल्जियम, नीदरलैंड (2 शहर) |
| **13.** यूएस ओपन | 30 अगस्त से 12 सितंबर तक | अमेरिका (न्यूयॉर्क) |
| **सितंबर** | | |
| **14.** एशियन गेम्स | 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक | जापान (आइची-नागोया) |

(साल 2026 के आखिर में क्रिकेट का वनडे एशिया कप आयोजित हो सकता है। ACC ने अब तक इसका ऐलान नहीं किया है।)



# बिहार के जिले

# पटना



क्षेत्रफल - 3202km²

जनसंख्या -58838465

अनुमंडल -13


प्रखंड -38

प्रमुख शैक्षणिक संस्थान- नालंदा विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, पटना इंजीनियरिंग कॉलेज

ऐतिहासिक स्थान - गोलघर, महावीर मंदिर, श्री हरिमंदिर साहिब, तारामंडल, चिड़ियाघर।

प्रमुख फसल- गेंहू, मक्का,धान,सरसों,दालें

प्रमुख भाषा - मगही, हिंदी



जनसंख्या के हिसाब से पटना बिहार का सबसे बड़ा जिला है। यह गंगा नदी के किनारे बसा है। पटना का प्राचीन नाम पाटलिपुत्र है ।यह मौर्य ,गुप्त आदि साम्राज्य की राजधानी रही है ।बौद्ध जैन ,मुगल और ब्रिटिश काल का भी यहां इतिहास रहा है।

www.teachersofbihar.org

Anupriya

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **06.01.2026**

## मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

मूर्त संक्रियात्मक अवस्था **(Concrete Operational Stage)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत की तीसरी अवस्था है, जो लगभग **7** से **11** वर्ष की उम्र के बच्चों में देखी जाती है, जहाँ बच्चे ठोस **(मूर्त)** वस्तुओं और वास्तविक स्थितियों के बारे में तार्किक रूप से सोचना शुरू करते हैं, वस्तुओं को वर्गीकृत कर सकते हैं, संरक्षण **(**जैसे मात्रा, द्रव्यमान**)** और प्रतिवर्तीता **(Reversibility)** की समझ विकसित करते हैं, लेकिन अभी अमूर्त विचारों पर तर्क करने में सक्षम नहीं होते हैं।

## रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**'मैं नहीं पढ़ सका, लेकिन बच्चे ज़रूर पढ़ेंगे...'**

# 30 साल से मुफ्त में बच्चों को घोड़ा-टमटम से स्कूल पहुंचा रहे हैं रोहित दास

# पद्य पंकज

"

देखो, आहिस्ता चलो, और भी आहिस्ता जरा
देखना, सोच-सँभल कर जरा पाँव रखना
जोर से बज न उठे पैरों की आवाज कहीं
काँच के ख्वाब हैं बिखरे हुए तन्हाई में
ख्वाब टूटे न कोई, जाग न जाये देखो
जाग जायेगा कोई ख्वाब तो मर जायेगा ।
जुलाहे..

---

गुलजार साहब

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
9 सितंबर 1850 - 6 जनवरी 1885
Madhu priya
/teachersofbihar



# कमलेश्वर प्रशाद सक्सेना

जन्म- 6 जनवरी 1932

मृत्यु- 27 जनवरी 2007

/teachersofbihar

Madhu priya



Happy Birthday
6 जनवरी 1959
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Happy Birthday
6 जनवरी 1967
www.teachersofbihar.org
Madhu priya